an>

Title: Need to operate train no. 12397/12398 from Kiul, Bihar.

श्री चंदन सिंह (नवादा): अध्यक्ष महोदय, मुझे शून्य काल में बोलने का मौका मिला, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं ।

महोदय, मैं नवादा, शेखपुरा एवं जमुई की आम जनता की समस्या से माननीय रेल मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं । आजादी के इतने साल बीतने के बाद भी मेरे संसदीय क्षेत्र नवादा से देश की राजधानी दिल्ली के लिए एकमात्र साप्ताहिक ट्रेन भागलपुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस है, जिससे वहां की जनता को आवागमन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इस सम्बन्ध में मैं आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं कि गाड़ी संख्या 12397 और 12398 महाबोधि एक्सप्रेस का परिचालन नई दिल्ली से गया एवं गया से नई दिल्ली तक होता है । यह गाड़ी नई दिल्ली से दोपहर 12.10 बजे चलकर, सुबह तीन बजे गया पहुंचती है एवं पुन: गया से दोपहर 2.15 बजे चलकर सुबह साढ़े चार बजे दिल्ली पहुंचती है । यह गाड़ी गया में करीब नौ घण्टे खड़ी रहती है । ऐसी परिस्थिति में, अगर इस गाड़ी का परिचालन गया से बढ़ाकर किऊल किया जाता है तो यह गाड़ी नवादा, शेखपुरा एवं जमुई लोक सभा क्षेत्र से होकर गुजरेगी, जिसके फलस्वरूप इस क्षेत्र के आम नागरिकों को दिल्ली आने-जाने में काफी सहूलियत होगी । इसके साथ ही, रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी । अत: मैं इस सदन के माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित में गाड़ी संख्या 12397 और 12398 महाबोधि एक्सप्रेस का परिचालन गया की जगह किऊल से किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष:

श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री चंदन सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।